Title: Requested the Central Government to increase the amount of the annual grant given to the state government of Rajasthan fro development of slum areas in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर सभापति जी, मेरा अनुरोध है कि राजस्थान में और विशोकर जयपुर शहर में प्राइवेट और सरकारी भूमि पर कई कच्ची बस्तियाँ बसी हुई हैं। प्राइवेट बस्ती वालों को कोई अनुदान नहीं मिल रही है, लेकिन सरकारी भूमि पर जो कच्ची बस्तियाँ बसी हैं, और योजना के अनुसार सराकर जिनको बसाना चाहती है, उन योजना अनुसार वाली बस्तियों को जहाँ सीधी सड़कें हों, पानी हो, बिजली हो, पार्क हो, स्कूल हो और कम्युनिटी सेन्टर हो, प्र ातिर्वा केन्द्रीय सरकार की ओर से योजना अनुसार बस्तियों को रकम दी जाती है।

सभापति महोदय, वह रकम बहुत ही कम है और आजकल महंगाई जिस गति से बढ़ रही है, उसको देखते केन्द्र सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुदान राशि बहुत ही कम है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से आपके माध्यम से प्रार्थना है कि ऐसी कच्ची कालोनियां, जिन्हें राज्य सरकार बसाना चाहती है, उनके विकास हेतु भारत सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुदान राशि को बढ़ाए ताकि अच्छे ढंग से वे कालोनियां बस सकें।

1305 ण्द्वद्म

तत्पश्चात् लोक सभा 1400 बजे तक भोजनावकाश के लिए स्थगित हुई।

14.08 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at eight minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri Basu Deb Acharia *in the Chair*)

MR. CHAIRMAN: Now, the House shall take up Item Nos. 9 and 10 together.